email:aayukt.ele@gmail.com Phone:01512226551

# कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

website:www.education.rajasthan.gov.in/elementary

क्रमांकःशिविरा/प्रारं/शिक्षक संस्था/एफ–6/विविध/2021 दिनांक : 16.02.2021

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त (वैक्सीनेशन कार्यक्रम हेतु जिला प्रभारी)
जिला शिक्षा अधिकारी (मु.),
प्रारम्भिक शिक्षा, समस्त (सहप्रभारी)

विषयः कोविड–19 के सम्बन्ध में वैक्सीनेशन कार्यक्रम हेतु दिशा निर्देश।

प्रसंगः– इस कार्यालय का परिपत्र दिनांक 13.02.2021 एवं पत्र दिनांकः 15.02.2021

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक परिपत्र एंव पत्र द्वारा वैक्सीनेशन कार्यक्रम हेतु शिक्षको का डाटा आपको प्रेषित कर निर्देशित किया गया था कि फील्ड से पीईईओ लेवल तक सूचियों का परीक्षण एवं Updation करवाकर इस अद्यतन डाटा को अपने जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी से सम्पर्क/समन्वय कर भारत सरकार के वैक्सीनेशन पोर्टल पर अपलोड करवाने की कार्यवाही आज दिनांक 16.02.2021, दोपहर 12:00 बजे तक संपादित कर लेवें। डाटा अपलोड करते समय यह आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें कि गर्भवती(pregnant), धात्री (lactating), कैंसर पेशेंट या क्रोनिक मैडिकल हिस्ट्री वाले वे कार्मिक जो टीकाकरण नहीं करवा रहे जिन्हें डाटा शीट में लाल रंग से दर्शाया गया है उनका नाम पोर्टल पर ना चढे उन्हे पहले से ही डाटा शीट से हटा दिया जाये।

इसी अनुक्रम में निम्नवत् निर्देशित किया जाता है किः–

1. अपने जिले के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी से सम्पर्क/समन्वय कर यह सुनिश्चित करावें कि समस्त डाटा 16.02.2021 दोपहर 12.00 बजे तक वैक्सीनेशन पोर्टल पर अपलोड हो जावे।
2. वैक्सीनेशन पोर्टल पर अपलोड की गई सूची तथा इस सूची में कितने लाभार्थी हैं जिनका वैक्सीनेशन होना है का प्रिंटआउट प्राप्त करें तथा उन्हे PEEO स्तर तक प्रेषित करवा प्रत्येक को सूचित करवाना सुनिश्चित करें।
3. प्रत्येक वैक्सीनेशन साइट पर 05 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने के आदेश मय मोबाईल नं. जारी करें जिनमें से 02 कर्मचारी वैक्सीनेशन करवाने वाले कार्मिकों का वैक्सीनेशन के उपरान्त नाम सूची से काटते रहेंगें तथा 02 कर्मचारी वैक्सीनेशन के लिए उपलब्ध नही हुए कार्मिकों एवं उनके शाला प्रधान आदि से फोन पर बात कर वैक्सीनेशन साईट पर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करेंगें ताकि वैक्सीनेशन का शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित किया जा सके तथा एक कर्मचारी ऐसा होगा जो कम्प्यूटर पांरगत हो तथा वैक्सीनेशन साईट से प्रत्येक घंटे में प्रेषित किया जाने वाला संलग्न प्रपत्र अ का excel में अपडेशन करे और प्रत्येक घंटें CDEO कार्यालय को उपलब्ध करावे। इस कार्य हेतु प्रत्येक साईट पर कम्प्यूटर/लैप्टॉप/इन्टरनेट की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जावे। **किसी भी वैक्सीनेशन साईट से प्रेषित किये जाने वाला प्रपत्र सीधे राज्य स्तरीय कार्यालय को नहीं भेजा जावे। राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष को केवल CDEO द्वारा जिला स्तर से समेकित सूचना प्रत्येक घंटे में भेजनी है।**
4. जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर हर घंटे पूरे जिले की वैक्सीनेशन का प्रतिशत निकालें और जिस स्थान पर वैक्सीनेशन का प्रतिशत कम हो वहां कॉल कर गति को बढाने का प्रयास CDEO(प्रभारी) एवं DEO ELE(सह प्रभारी) स्वयं करावें।

P.T.O.

www.rajsevak.com

5. जिला नियंत्रण कक्ष से हर घंटे की प्रगति सूचना राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष को दी जानी सुनिश्चित करावें तथा इस सम्बन्ध में उचित आदेश जारी करावें । राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में समेकित सूचना जिलेवार प्रत्येक घंटे में अतिरिक्त निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा अधोहस्ताक्षरकर्ता को उपलब्ध करवायेंगें।
6. वैक्सीनेशन दिवस कल है अतः आपके स्तर पर डाटा शीट में जिन कार्मिकों का नाम अंकित करवाया है उनका शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हो यह सुनिश्चित करावें । इस हेतु सभी संबंधितों को जिनका वैक्सीनेशन हो रहा है को सूचित किया जावे तथा अपरिहार्य परिस्थितियों के अतिरिक्त किसी भी कर्मचारी को वैक्सीनेशन के दिन अवकाश देय नहीं होगा।
7. जब तक वैक्सीनेशन पूर्ण नही हो जाता तब तक साईट प्रभारी मय टीम साईट नहीं छोडे इसी प्रकार जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष भी कार्यरत रहें।
8. वैक्सीनेशन प्रतिशत कम रहने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही सम्पादित की जावेगी अतः इसे पूर्ण गम्भीरता से लेवें । **इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।**

संलग्नः–

1. कोविड–19 टीकाकरण हेतु जिला स्तरीय चेक लिस्ट
2. कोविड–19 टीकाकरण हेतु टीकाकरण के दिन किये जाने वाले कार्यों की चेक लिस्ट
3. प्रति घंटा वैक्सीनेशन के दिन वैक्सीनेशन साईट से जारी होने वाला प्रपत्र-'अ'

16.2.21

www.rajsevak.com

अतिरिक्त निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी
कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, जयपुर।
3. जिला कलक्टर, समस्त।
4. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् समस्त ।
5. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त ।
6. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा समस्त मण्डल को उक्तानुसार कार्य के प्रभावी प्रबोधन हेतु ।

16.2.21

अतिरिक्त निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी
कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

# कोविड–19 टीकाकरण हेतु जिला स्तरीय चेक लिस्ट

## (टीकाकरण की पूर्व तैयारी हेतु)

कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला...............................

टीकाकरण की दिनांक.......................................

नोटः–आज दिनांक 16.02.2021 सायं 04:00 बजे तक पूर्ण करके एवं चेक लिस्ट में वर्णित प्रत्येक कार्य आप द्वारा सुनिश्ति कर लिया गया है तद्क्रम में yes अंकित करते हुए यह चेक लिस्ट हस्ताक्षरित करके भेजे।

टीकाकरण जिला प्रभारी(मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी) का नाम, पद, मोबाइल नं.

.......................................................................................................................................................................

सह प्रभारी(जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक) का नाम, पद, मोबाइल नं.

.......................................................................................................................................................................

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया<br>उसका दूरभाष नं................................................है। | yes/no |
| 2 | साईट वार प्रभारी नियुक्त कर लिये गये हैं एवं उसके साथ चार सदस्यीय टीम लगा दी गई है जिनमें से दो लोग उन चिन्हित कार्मिकों को फोन(extra battery backup के साथ मोबाइल/फोन की व्यवस्था रखें) करेंगें जो टीका लगाने नहीं पहुंचे ताकि शत–प्रतिशत लक्ष्य अर्जित हो सके एवं दो कार्मिक टीकाकरण हेतु चिन्हित कार्मिकों की पोर्टल से प्राप्त सूचियों में से टीकाकरण होने के उपरान्त नाम काटेंगें। इस तरह के आदेश मय कर्मचारियों के नाम एवं मोबाईल नं. के जारी कर दिये गये हैं। | |
| 3 | टीका लगाये जाने वाले कार्मिकों की मेडिकल द्वारा निर्धारित साईटवार सूची की साईट प्रभारी को उपलब्धता सुनिश्चित करवा ली गई है। | |
| 4 | सूची अनुसार समस्त कार्मिकों को दिनांक ............................. को टीका लगवाने हेतु उपस्थित होने के लिए सूचित करवा दिया गया है। | |
| 5 | प्रत्येक साईट प्रभारी को सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध करवा दी गई है। | |
| 6 | संबंधित CMHO से वार्ता कर ली गई है। | |
| 7 | CBEEO द्वारा मेडिकल द्वारा चिन्हित वैक्सीनेशन साईट की विजिट सुनिश्चित करवा ली गई है। | |
| 8 | प्रत्येक वैक्सीनेशन साइट पर कम्प्यूटर/लैप्टॉप एवं इन्टरनेट की तथा कम्प्यूटर पारंगत कार्मिक की व्यवस्था इस रूप में सुनिश्चित करवा दी गई है कि प्रत्येक घंटे में प्रेषित किये जाने वाले प्रपत्र में सूचना भरके जिला स्तर पर प्राप्त कर ली जाएगी एवं जिला स्तर पर भी ये व्यवस्था कर ली गई है कि उसे समेकित करके राज्य स्तर पर प्रेषित कर दी जाएगी। | |

हस्ताक्षर

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं जिला प्रभारी अधिकारी

www.rajsevak.com

# कोविड–19 टीकाकरण हेतु टीकाकरण के दिन किये जाने वाले कार्यों की चेक लिस्ट

## कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला......................................

टीकाकरण जिला प्रभारी(मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी) का नाम, पद, मोबाइल नं.

.....................................................................................................................................................

सह प्रभारी(जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक) का नाम, पद, मोबाइल नं.

.....................................................................................................................................................

| | | |
|---|---|---|
| 1 | टीकाकरण सभी साईट पर समय पर प्रारम्भ करवा दिया गया | yes/NO |
| 2 | CDEO/CBEEO द्वारा सर्वप्रथम टीका लगवाकर स्टॉफ को मोटिवेट किया गया | |
| 3 | साईट प्रभारी(मय सूची) की वैक्सीनेशन साईट पर उपस्थिति का परीक्षण कर लिया गया है। | |
| 4 | प्रति घंटे प्रेषित किये जाने वाले प्रपत्र 'अ' की सूचना सम्प्रेषित करने की समस्त व्यवस्था कर ली गई है। | |
| 5 | 12:00 बजे तक उपस्थित नहीं होने वाले कार्मिकों को साईट प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा फोन करवाए जा रहे हैं। | |
| 6 | 02:00 बजे तक उपस्थित नहीं होने वाले कार्मिकों को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा फोन करवाया जा रहा है। | |
| 7 | टीका नहीं लगवाने वाले कार्मिकों के घोषणा पत्र भरवाए जा रहे हैं। | |
| 8 | टीका नहीं लगवाने वाले कार्मिकों का कारण सूची में अंकित किया जा रहा है। | |
| 9 | न्यूनतम 95 प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना**(जिन जिलों में इससे कम प्रतिशतता अर्जित हुई वहां अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं इसी प्रकार संबंधित CBEEO एवं साईट प्रभारी के संदर्भ में भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।)** | |
| 10 | प्रत्येक साईट पर भरे जाने वाला प्रपत्र ''ब'' भरवाया जा रहा है तथा प्रपत्र ब वैक्सीनेशन समाप्ति के एक घंटे के भीतर जिला स्तर पर समेकित कर मेल आईडी **prsectionele@gmail.com** पर एवं राज्य स्तरीय whatsapp group:- Diretorate our team एवं मोबाइल नं. 9414324692(श्री राकेश ढल्ला, सहायक निदेशक, पं राज, निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर) पर प्रेषित करवा दिया गया है। | |

हस्ताक्षर

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं जिला प्रभारी अधिकारी

www.rajsevak.com

# प्रपत्र "अ"

## प्रति घंटा वैक्सीनेशन के दिन वैक्सीनेशन साईट से जारी होने वाला प्रपत्र

(नोटः–प्रत्येक वैक्सीनेशन साइट पर excel में यह प्रपत्र भरा जाएगा एवं इसका समेकित रूप जिला स्तर(CDEO द्वारा) पर एवं राज्य स्तर(AD ELE) द्वारा समेकित करवाया जाएगा और प्रत्येक घंटे में AD ELE इसकी जिलेवार सूचना निदेशक माध्यमिक शिक्षा को देगें इस हेतु प्रत्येक वैक्सीनेशन साईट पर लैप्टोप/कम्प्यूटर/इन्टरनेट एवं कम्प्यूटर पारंगत कर्मचारी की व्यवस्था जिला प्रभारी सुनिश्चित करवाऐंगें।)

साईट का नाम..........................................................ब्लॉक का नाम......................................जिले का नाम..........................................

| इस साईट हेतु पोर्टल पर वैक्सीनेशन हेतु चिन्हित कुल कार्मिकों की संख्या | साईट का शिक्षा विभाग संबंधी प्रभारी एवं मोबाईल नं | साईट का मेडिकल विभाग संबंधी प्रभारी एवं मोबाईल नं |
|---|---|---|
| | | |

| वैक्सीनेशन के hour की संख्या | अवधी(duration) | इस घंटे में शिक्षा विभाग के कर्मचारी जिनका पोर्टल पर चिन्हिकरण था उनमें से वैक्सीनेटेड कार्मिकों की संख्या | गत घंटे में वैक्सीनेटेड कार्मिकों की संख्या | अब तक वैक्सीनेटेड कार्मिकों की कुल संख्या | अब तक वैक्सीनेटेड कार्मिकों की प्रतिशतता (इस साईट हेतु चिन्हित कुल कार्मिकों के विरूद्ध) | AEFI(वैक्सीनेशन के बाद मेडिकल के अनुसार प्रतिकूल लक्षण प्रदर्शित करने वाले कार्मिकों की संख्या) reported की संख्या गत घंटे तक | AEFI reporte की संख अब तव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 |
| 1st hour | 09:00ए.एम से 10:00ए.एम | | | | | | |
| 2nd hour | 10:00ए.एम से 11:00ए.एम | | | | | | |
| 3rd hour | 11:00ए.एम से 12:00पी.एम | | | | | | |
| 4th hour | 12:00पी.एम से 01:00पी.एम | | | | | | |
| 5th hour | 01:00पी.एम से 02:00पी.एम | | | | | | |
| 6th hour | 02:00पी.एम से 03:00पी.एम | | | | | | |
| 7th hour | 03:00पी.एम से 04:00पी.एम | | | | | | |
| 8th hour | 04:00पी.एम से 05:00पी.एम अथवा जब तक वैक्सीनेशन जारी रहे उस समय का अंकन करें | | | | | | |

www.rajsevak.com

हस्ताक्षर
साईट प्रभारी